# Shahid Durwasa Nishad Government College, Arjunda Dist. Balod

## College Newsletter

## Dec. 2024 to Feb. 2025



# NEWSLETTER

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVT. COLLEGE ARJUNDA, DIST. BALOD



**विश्व एड्स दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में स्वयंसेवकों ने बनाई मानव श्रृंखला रैली निकाल कर किया जागरूक**

**रिपोर्टर निलेश श्रीवास्तव**

छत्तीसगढ़ न्यूज़ अर्जुन्दा- शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में स्वयंसेवकों ने लाल साड़ी से रेड रिबन का लोगों बनाया। और जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया।

स्वयंसेवकों ने रेड रिबन और ...

साथ यौन संबंध बनाएं।

2. एड्स के रोगियों का ...

जाता है।

3. एड्स के रोगियों की देखभाल- एड्स के रोगियों की देखभाल करें।

**अन्य उपाय**

1. एड्स के बारे में जानकारी प्राप्त करें- एड्स के बारे में जानकारी प्राप्त करें।
2. एड्स के रोगियों के साथ सहानुभूति रखें- एड्स के रोगियों के साथ सहानुभूति रखें।
3. एड्स के प्रसार को रोकने में मदद करें- एड्स के प्रसार को रोकने में मदद करें।

### 02 DEC, 2024

विश्व एड्स दिवस पर, राष्ट्रीय सेवा योजना और रेड रिबन क्लब ने मिलकर एड्स जागरूकता अभियान चलाया। स्वयं सेवकों ने मानव श्रृंखला बनाकर रैली निकाली और लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया। इस अभियान के माध्यम से, लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया गया और इसके रोकथाम के तरीकों के बारे में बताया गया।




**संस्कृत श्लोक वाचन प्रतियोगिता का आयोजन**

अर्जुन्दा। शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय में संस्कृत श्लोक वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्रमुख शिक्षकगण और विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता ने संस्कृत के महत्व, उसके ऐतिहासिक संदर्भ और संरक्षण पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने संस्कृत को भारतीय सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा बताते हुए विद्यार्थियों को इस प्राचीन भाषा के संरक्षण और प्रसार की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने न केवल संस्कृत भाषा की महिमा को उजागर

### 10 DEC, 2024

महाविद्यालय अर्जुन्दा में संस्कृत श्लोक वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने संस्कृत के विभिन्न श्लोकों का वाचन किया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा के प्रति रुचि जगाना और उनकी संस्कृत ज्ञान को बढ़ावा देना था।




### 10 DEC, 2024

राजनीति विज्ञान विभाग ने मानवाधिकार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें मानव अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया गया।



**शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में नशा उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन**

बालोद। शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में एलुमिनी एसोसिएशन द्वारा नशा उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ रश्मि सिंह, एलुमिनी एसोसिएशन और साहस वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने मिलकर किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक प्रभा शर्मा व डॉ प्रीति ध्रुवे तथा मंच संचालन डॉ दीपिका द्वारा किया गया। इस अवसर पर साहस वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने नशे के दुष्प्रभावों और इससे

### 11 DEC, 2024

महाविद्यालय अर्जुन्दा में एलुमिनी एसोसिएशन द्वारा नशा उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में, एलुमिनी एसोसिएशन और साहस वेलफ़ेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने विद्यार्थियों को नशा के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया।उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में, विद्यार्थियों ने नशा उन्मूलन के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

# NEWSLETTER

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVT. COLLEGE ARJUNDA DIST. BALOD




### 12 DEC, 2024

**शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के रासेयो इकाई का "मेरा युवा भारत के लिए युवा "थीम पर ग्राम परना में विशेष शिविर का आयोजन किया गया।**




### 14 DEC, 2024

गृह विज्ञान विभाग द्वारा महाविद्यालय में तीन दिवसीय मैग्नम ओपस (फैंसी आर्ट आइटम्स) कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में, विनीता वैष्णव छत्तीसगढ़ शैक्षणिक अनुसंधान एवं समाज कल्याण, भिलाई की ओर से प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में, विद्यार्थियों को फैंसी आर्ट आइटम्स बनाने की तकनीक सिखाई गई। उन्हें विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्प और सजावटी वस्तुओं को बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।



# एनएसएस के स्वयंसेवकों ने शिविर में दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति, चलाया जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अर्जुन्दा

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मेरा युवा भारत के लिए युवा थीम पर सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम परना में किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष दिवस के सातवें दिवस विशेष शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार प्रजापति एवं सहायक प्राध्यापिका भौतिक शास्त्र डॉ दीपिका चन्द्राकर के निर्देशन में ग्राम पंचायत परना में आयोजित विशेष शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

शिविर के अंतिम दिन रात्रिकालीन सांस्कृतिक

**इन्होंने निभाई प्रमुख भूमिका**

सात दिवसीय विशेष शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से शिविर नायिका निशा साहू, उपशिविर नायक यामिनी देवांगन, मेस प्रभारी मोहित यादव, राकेश कुंभकार, सांस्कृतिक प्रभारी मानसी धनकर, कार्यालय प्रभारी पायल निषाद, रेणुका कांशी, अनुशासन प्रभारी कामिनी साहू, दिव्या सिन्हा, मीडिया प्रभारी प्रियांचल टंडन, खेमेश्वरी चौधरी, अमृत कुंभकार, स्वयंसेवक राकेश कुमार, दानेश्वर सिन्हा, प्रणव तिवारी, वैभव देशमुख, युवाकांत सिन्हा, हेमचंद भारती, सुदर्शन साहू, शुभम देशमुख, मोहित यादव, निखिल सिंह राजपूत, जागृतिसिंह राजपूत, मनीषा साहू का सहयोग रहा।

स्वरूप पेन भेंट किया। कमलेश्वरी यादव ने समापन सत्र में स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए स्वयंसेवकों की सेवा भाव और कार्य की प्रशंसा की और भविष्य में और शिविर आयोजित करने के लिए हमेशा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा सम्पूर्ण शिविर के दौरान शिविर नियमावली, समय सारणी के अनुसार बड़े उत्साह के साथ गंभीरता पूर्वक सेवा कार्य किया गया। शिविर में 60 स्वयं सेवक सम्मिलित रहे, स्वयं सेवकों को चार समूह में बांटकर दल प्रभारी के रूप में विवेकानंद ग्रुप से वीर शिवाजी ग्रुप, महाराणा प्रताप ग्रुप, भगतसिंह ग्रुप चन्द्रशेखर आजाद ग्रुप से अलौकित से शिविर

### 14 DEC, 2024

ग्राम परना में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने जागरूकता अभियान चलाया, जिसका उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को बाल शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी।





# ग्राम परना में युवा थीम पर आयोजित एनएसएस शिविर का हुआ समापन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

अर्जुंदा. शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मेरा युवा भारत के लिए युवा थीम पर सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम परना में किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार प्रजापति व डॉ दीपिका चंद्राकर सहायक प्राध्यापिका भौतिक शास्त्र के निर्देशन में सात दिवसीय विशेष शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

**शिविर** के अंतिम दिन रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। लोक कला संस्कृति के साथ समाज में नशामुक्ति और अंधविश्वास पर आधारित लघु नाटक का मंचन किया गया।

मुख्य अतिथि कमलेश्वरी यादव संरपच रहीं। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को उपहार स्वरूप पेन भेंट किया। शिविर में 60 स्वयं सेवक सम्मिलित रहे। स्वयं सेवकों को चार समूह में बांटकर दल प्रभारी के रूप में विवेकानंद ग्रुप से वीर शिवाजी ग्रुप, चंद्रशेखर आजाद ग्रुप से अलौकित से

**शिविर में इनका रहा विशेष योगदान**

**शिविर** नायिका निशा साहू, उपशिविर नायक यामिनी देवांगन, मेस प्रभारी मोहित यादव, राकेश कुभकार, सांस्कृतिक प्रभारी मानसी धनकर, कार्यालय प्रभारी पायल निषाद, रेणुका कांशी, अनुशासन प्रभारी कामिनी साहू, दिव्या सिन्हा, मीडिया प्रभारी प्रियांचल टंडन, खेमेश्वरी चौधरी, अमृत कुंभकार, वरिष्ठ स्वयंसेवक राकेश कुमार, दानेश्वर सिन्हा, प्रणव तिवारी, वैभव देशमुख, युवाकांत सिन्हा, हेमचंद भारती, सुदर्शन साहू, शुभम देशमुख, मोहित यादव, निखिल सिंह राजपूत, जागृति सिंह राजपूत, मनीषा साहू का सहयोग रहा।

शिविर नायिका यामिनी देवांगन के

### 18 DEC, 2024

शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा द्वारा ग्राम परना में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हुआ। इस शिविर का उद्देश्य युवाओं में समाज सेवा की भावना को जागरूक करना था। छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, बाल शिक्षा और स्वास्थ्य जागरूकता जैसे कार्यों में भाग लिया।

# NEWSLETTER

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVT. COLLEGE ARJUNDA, DIST. BALOD




### 19 DEC, 2024

महाविद्यालय में स्वीकृत सीट के विरुद्ध शत-प्रतिशत नामांकन आगामी वर्षों में दर्ज कराने के लिए पोषक-विद्यालय का चिन्हांकन करते हुए उच्चतर माध्यमिक के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

### 21 DEC, 2024

शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया। छात्रों ने कॉलेज परिसर और आसपास के क्षेत्रों की सफाई की, साथ ही स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाई।







खेल दिवस के अवसर पर महाविद्यालय ने खेल मैदान में साफ-सफाई और उसके प्रबंधन का आयोजन किया। छात्रों ने मिलकर मैदान को साफ किया और खेल गतिविधियों के लिए इसे तैयार किया।

### स्वच्छता अभियान की प्रमुख उद्देश्य:

- स्वास्थ्य और स्वच्छता
- कचरा प्रबंधन
- प्लास्टिक मुक्त परिसर
- हरित परिसर अभियान

# NEWSLETTER

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVT. COLLEGE ARJUNDA, DIST. BALOD

## ANNUAL SPORTS DAY 23 DEC, 2024














महाविद्यालय में वार्षिक खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इसमें इन्डोर और आउटडोर दोनों प्रकार के खेल शामिल थे। खेलों के आयोजन से विद्यार्थियों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला और शिक्षकों को भी अपने विद्यार्थियों के साथ मिलकर खेलने का आनंद लेने का मौका मिला। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के लिए मनोरंजन का साधन था, बल्कि यह उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी मददगार साबित हुआ।

# NEWSLETTER

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVT. COLLEGE ARJUNDA, DIST. BALOD

**24 DEC, 2024**



### समाजशास्त्र विभाग में मनाया गया वीर बाल दिवस

**बालोद।** शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा के समाजशास्त्र विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में वीर बाल दिवस कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सहायक प्राध्यापक दीपिका कंवर द्वारा वीर बाल

महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग एवं IQAC के संयुक्त तत्वावधान में वीर बाल दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने साहस, बलिदान और वीरता पर विचार व्यक्त किए। प्रतिभागियों ने ऐतिहासिक घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए गुरु गोविन्द सिंह के वीर बालकों के अदम्य साहस को नमन किया।




अर्जुन्दा महाविद्यालय में एंटी रैगिंग विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने रंगों और रचनात्मकता के माध्यम से रैगिंग के दुष्प्रभाव, कानूनी प्रावधान और जागरूकता संबंधी संदेश प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को रैगिंग मुक्त परिसर के प्रति जागरूक करना था।



### शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में मनाया गया उपभोक्ता दिवस

**बालोद।** शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में उपभोक्ता संरक्षण दिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में डॉ. धर्मेंद्र साहू एवं डॉ. प्रभा यादव अर्थशास्त्र विभाग, लुकेश चंद्राकर हिंदी विभाग, डॉ. मिली चंद्राकर भूगोल विभाग, डॉ. राजकुमारी गजपाल समाजशास्त्र विभाग सम्मिलित हुए। पूजा अर्चना पश्चात डॉ. धर्मेन्द्र साहू ने उपभोक्ता संरक्षण के विषय में विस्तार से प्रकाश डालते हुए छात्र- छात्राओं को अपने अधिकार के प्रति सजग रहने को कहा। डॉ. प्रभा यादव ने उपभोक्ता संरक्षण के संदर्भ में संवैधानिक व्यवस्था से अवगत कराया। साथ ही लुकेश चंद्राकर ने बढ़ती हुई प्रतिस्पर्धा में उपभोक्ताओ को अपने अधिकार एवं दायित्व के प्रति सजग रहने को कहा। इस कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं एवं प्राध्यापकगण एवं कार्यालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय, अर्जुन्दा में उपभोक्ता संरक्षण दिवस के अवसर पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था।

# NEWSLETTER

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVT. COLLEGE ARJUNDA, DIST. BALOD

### 3 JAN, 2025

महाविद्यालय परिसर में माननीय प्रणेश जैन द्वारा कैन्टीन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता और प्राध्यापकगण ने समर्थन दर्शाया। कैन्टीन विद्यार्थियों को सुरक्षित और स्वच्छ भोजन सुविधा प्रदान करेगी, जो उनकी सेहत और पढ़ाई के लिए महत्वपूर्ण है। यह कदम छात्र हित में एक अहम पहल है।




## CULTURAL ACTIVITIES 03 JAN, 2025




### सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताएं

- व्यंजन प्रतियोगिता
- मेहंदी प्रतियोगिता
- पोस्टर प्रतियोगिता
- रंगोली प्रतियोगिता
- वाद -विवाद प्रतियोगिता
- तात्कालिक भाषण

शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में 'योग और उसके लाभ' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया और योग के महत्व को उजागर किया। सभी प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट पोस्टर्स बनाकर प्रतियोगिता को सफल बनाया।





महाविद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

महाविद्यालय में आयोजित व्यंजन प्रतियोगिता में छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन बनाए। प्रतियोगिता ने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया और पारंपरिक एवं आधुनिक व्यंजनों को साझा करने का अवसर प्रदान किया।



# NEWSLETTER

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVT. COLLEGE ARJUNDA, DIST. BALOD



**अर्जुन्दा महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन**

**बालोद**। अर्जुंदा महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा शनिवार को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 54 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय वाणिज्य विषय की सामान्य जानकारी रखा गया था। प्रतियोगिता में कुल 50 प्रश्न पूछे गए, जिन्हें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के पैटर्न के अनुरूप तैयार किया गया था। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों को ओएमआर शीट में उत्तर भरने की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई।

### 03 JAN, 2025

अर्जुन्दा महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 54 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य छात्रों में व्यापारिक ज्ञान, तर्क शक्ति और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को विकसित करना था। इसके साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

### 03 JAN, 2025

गृह विज्ञान विभाग द्वारा हैंडलूम सेंटर तथा गोदाम का छात्राओं द्वारा भ्रमण , एवं वस्त्र निर्माण के विभिन्न आयामों का अध्ययन किया |






### 04 JAN, 2025

वाणिज्य संकाय के तत्वावधान में एवं प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता के मार्गदर्शन मे विपणन अनुसंधान विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया | जिसमे अतिथि वक्ता डॉ. लाली शर्मा ने विद्यार्थियो को विपणन अनुसंधान की नवीन अवधारणाओं एवं व्यावहारिक पहलुओ से अवगत कराया|



**विपणन अनुसंधान विषय पर अतिथि ब्याख्यान का आयोजन**


**बालोद ( कलयुग का भारत )**। महाविद्यालय में वाणिज्य संकाय के तत्वावधान में एवं प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता के मार्गदर्शन में विपणन अनुसंधान विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विपणन अनुसंधान की नवीन अवधारणाओं एवं व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराना था। अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. लाली शर्मा सहायक प्राध्यापक, शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्ना. स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग ने व्याख्यान प्रस्तुत किया।

उन्होंने विपणन अनुसंधान की परिभाषा, इसकी आवश्यकता, तकनीकों तथा आधुनिक व्यवसाय में इसकी भूमिका पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही उन्होंने विभिन्न शोध विधियों एवं डेटा संग्रहण की प्रक्रियाओं पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में वाणिज्य संकाय के समस्त विद्यार्थी एवं प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर [illegible] प्रभारी डॉ. अरुणा साव, गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. समीर दशपुत्रे, वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष मोहित साव, सहायक प्राध्यापक श्री त्रिदेव ठाकुर, सुश्री प्रभा शर्मा एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. कुसुम देवांगन की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विपणन अनुसंधान से संबंधित विभिन्न जिज्ञासाओं को व्यक्त किया। डॉ. लाली शर्मा ने उनकी शंकाओं का समाधान करते हुए उन्हें इस विषय में और गहराई से अध्ययन करने हेतु प्रेरित किया। अंत में विभागाध्यक्ष मोहित साव ने अतिथि वक्ता डॉ. लाली शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया एवं इस प्रकार के व्याख्यानों के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उक्त व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी सिद्ध हुआ।

# NEWSLETTER

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVT. COLLEGE ARJUNDA, DIST. BALOD






**05 JAN, 2025**

NSS के बच्चों द्वारा स्टूडेंट कार्नर पर अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए पेंटिंग बनाया |

**06 JAN, 2025**

अर्जुन्दा महाविद्यालय में महिलाओं के लिए 'आपका स्वास्थ्य आपकी पूंजी' विषय पर महिला प्रकोष्ठ द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम और व्याख्यान का आयोजन किया गया।



### अर्जुंदा महाविद्यालय में महिलाओं हेतु स्वास्थ्य जागरूकता उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

कलयुग का भारत/न्यूज

■ शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में महिला प्रकोष्ठ द्वारा आपका स्वास्थ्य-आपकी पूंजी विषय पर व्याख्यान का आयोजन

**बालोद।** शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में महाविद्यालय की में डॉ वीना चंद्राकर, CHC गुण्डरदेही उपस्थित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वति की वंदना के साथ प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सोमाली गुप्ता ने PCOS, PCOD फाइब्रायड के संबंध में महत महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। विशेष रूप से ब्रेस्ट कैंसर की जांच व निदान के विषय में अतिमहत्वपूर्ण जानकारी दी। विवाह उपरांत भी शारीरिक व मानसिक परेशानियों




**06 JAN, 2025**

महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को 3D रंगोली प्रस्तुत करने की चुनौती दी गई। प्रतिभागियों ने रचनात्मकता और विविध रंगों का उपयोग करते हुए अद्भुत रंगोलियाँ बनाई। इस प्रतियोगिता ने छात्रों की प्रतिभा को उजागर करने के साथ-साथ सामूहिकता और कला के प्रति प्रेम को भी बढ़ावा दिया।

# NEWSLETTER

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVT. COLLEGE ARJUNDA, DIST. BALOD


### 07 JAN, 2025

अर्जुन्दा महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग ने 15 दिवसीय कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की, जिसमें प्रतिभागियों को विभिन्न कढ़ाई तकनीकों और डिज़ाइन बनाने की विधियों के बारे में सिखाया गया। कार्यशाला का उद्देश्य कौशल विकास और रचनात्मकता को बढ़ावा देना था।



कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला

कश्मीरी, पंजाब, लखनऊ, बंगाल की कढ़ाई सिखा रहे




### 10 JAN, 2025

विश्व हिन्दी दिवस पर आयोजित विशेष व्याख्यान में हिंदी भाषा के महत्व, सांस्कृतिक धरोहर और वैश्विक प्रसार के मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में विभिन्न हिंदी शैलियों और प्रस्तुतियों का आनंद लिया गया।



**शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने मनाया स्वामी विवेकानन्द जी कि 162 वां जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस**

रिपोर्टर निलेश श्रीवास्तव

छत्तीसगढ़ न्यूज़ ‌‌झअर्जुन्दा– शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा 12 जनवरी को युवाओं के आदर्श एवं प्रेरणास्रोत प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद जी 162 वां जन्म जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती डॉ लीना साहू जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना जिला - बालोद, श्रीमती डॉ सोमाली गुप्ता प्राचार्य शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा, श्री डॉ प्रदीप कुमार प्रजापति कार्यक्रम अधिकारी रासेयो मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं युवाओं के आदर्श एवं प्रेरणास्रोत प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानन्द जी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत् पश्चात लक्ष्य गीत भी गाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का तिलक बैच और पौधे भेंटकर स्वागत किया गया।

स्वयंसेवको को सम्बोधित करते हुए डॉ लीना साहू जिला संगठक रासेयो जिला बालोद ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी को राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रतीक पुरुष के रूप में माना गया है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के लिए स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन संघर्षों और उनके बताए आदर्शों सिद्धांतों विचारों को सभी स्वयंसेवकों को अपने जीवन में आत्मसात कर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं डॉ सोमाली गुप्ता प्राचार्य ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से अपने छात्र जीवन में शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा राष्ट्र निर्माण व्यक्तित्व विकास चरित्र निर्माण और निस्वार्थ भाव के साथ कार्य कर अच्छा इंसान बनने के लिए प्रेरित किया। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के राज्य स्तरीय पुरस्कृत श्रेष्ठ स्वयंसेवक यशवंत कुमार टंडन ने स्वामी विवेकानन्द जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही वरिष्ठ स्वयंसेवक दानेश्वर सिन्हा ने अपनी भाषण के माध्यम से स्वामी विवेकानंद जी के बारे में स्वयंसेवकों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

**रंगोली पोस्टर भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन**

वहीं 12 जनवरी स्वामी विवेकानन्द जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर रंगोली पोस्टर और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. पायल निषाद कक्षा - बीएससी तृतीय वर्ष व द्वितीय स्थान कु भूमिका तारम कक्षा - बीएससी तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु यामिनी देवांगन कक्षा बीएससी तृतीय वर्ष व द्वितीय स्थान कु पायल निषाद कक्षा बीएससी तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सात दिवसीय विशेष शिविर में सहभागिता लेने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन राज्य स्तरीय पुरस्कृत श्रेष्ठ स्वयंसेवक यशवंत कुमार टंडन ने किया। वहीं कार्यक्रम का आभार व्यक्त वरिष्ठ स्वयंसेवक राकेश कुमार ने किया।





### 11 JAN, 2025

राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस स्वयंसेवकों द्वारा मनाया गया |

# NEWSLETTER

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVT. COLLEGE ARJUNDA, DIST. BALOD






तत्वावधान मे हुआ आयोजन


**रिपोर्टर निलेश श्रीवास्तव छत्तीसगढ़न्यूज़**

ञअर्जुन्दा– शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के क्लष्ट कक्ष में NAAC Reforms in Accreditation of Higher Education Institutions" पर डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव (प्रोफेसर, शासकीय वी. वाई. टी. पी.जी. स्वाशासी महाविद्यालय दुर्ग, छ.ग.) द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता, इङ्क्ष्ट समन्वयक डॉ. अरूणा साव, वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. रश्मि सिंह, डॉ. समीर दशपुत्रे, मोहित कुमार साव व समस्त सहायक प्राध्यापक तथा अतिथि व्याख्याता उपस्थित थे। डॉ. श्रीवास्तव ने इष्ट के संशोधित संरचना के अनुसार विभिन्न क्राइटेरिया (**Criterion**) के अंतर्गत कार्यों की जानकारी दी तथा गुणात्मक व संख्यात्मक मैट्रिक्स (**Qualititative & Quantitative Matris**) में अधिकतम अंक प्राप्त करने के संबंध में चर्चा की। डॉ. श्रीवास्तव द्वारा प्राध्यापकों को शोध कार्यों में गुणात्मक वृद्धि करने हेतु प्रेरित किया गया। शिक्षण अधिगम हेतु नवीन तकनीकों के उपयोग को प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय के सामर्थ्य को प्राथमिकता एवं कमजोरियों को अवसर में बदलने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया। नवीन **NAAC** पॉलिसी के अंतर्गत प्रतयानयित व

**16 JAN, 2025**
**IQAC के तत्वाधन में NAAC ASSESSMENT पर डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव द्वारा व्याख्यान दिया गया ।**

## 21 JAN, 2025

वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा महाविद्यालय में हरबेरियम तकनीक विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें छात्रों को पौधों के संग्रह, संरक्षण और वर्गीकरण की तकनीकों पर प्रशिक्षण दिया गया।











**22 JAN, 2025**
**आर्टिस्टिक विज़न भिलाई के साथ MOU हस्ताक्षर किया गया ।**

# NEWSLETTER

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVT. COLLEGE ARJUNDA, DIST. BALOD




**24 JAN, 2025**

**NATIONAL GIRL CHILD DAY**

**महाविद्यालय में छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया , इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य सहित प्राध्यापक उपस्थित थे |**

**25 JAN, 2025**

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा शत-प्रतिशत मतदान हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्रों व संकाय सदस्यों ने निष्पक्ष व निर्भीक मतदान का संकल्प लिया।

### छात्र छात्राओं ने शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ लिए शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय में

**रिपोर्टर निलेश श्रीवास्तव**

**छत्तीसगढ़ न्यूज़**

अर्जुंदा जिला बालोद के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा, दिनांक 25/01/2025 राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदान के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। 25 जनवरी 1950 को मुख्य निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस को प्रत्येक वर्ष मतदाता दिवस के रूप में मनाते है। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्त तहसीलदार प्रवीण कुमार साहू ने कार्यक्रम का प्रारंभ शपथ दिलाकर किए, साथ ही कहा की लोकतन्त्र को मजबूत बनाने के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर बिना किसी प्रलोभन में आए अपना मताधिकार का प्रयोग करें। इसके बाद प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता ने कहा कि जब भी मतदान होता है,




करना यह अधिकार और कर्तव्य दोनों है। डॉ. प्रदीप कुमार प्रजापति विभागाध्यक्ष हिंदी ने मतदान के लिए छात्र/छात्राओं को

संचालन मनोज कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम में डॉ. प्रकाश सिंह बदल, डॉ. अरुणा साव, डॉ. समीर दशपुत्रे, दीपिका कंवर,

डॉ. प्रीति ध्रुवे, विकास साहू, डॉ. प्रभा यादव, डॉ. राजकुमारी गजपाल, डॉ. मिली चंद्राकर, डॉ. धर्मेंद्र साहू एवं छात्र /छात्राएं



**26 JAN, 2025**

**महाविद्यालय में राष्ट्रीय पर्व , गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया |**
**प्राचार्य द्वारा ध्वजारोहण पश्चात् प्राचार्य प्राध्यापकगण छात्र - छात्रा एवं एल्युमिनी अध्यक्ष द्वारा विचार व्यक्त किया गया |**

# NEWSLETTER

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVT. COLLEGE ARJUNDA, DIST. BALOD

### 27 JAN, 2025

अर्जुन्दा महाविद्यालय में करियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल द्वारा छात्रों के लिए मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विशेषज्ञों ने करियर, रोजगार और कौशल विकास पर जानकारी दी।







### 31 JAN, 2025

**PARENTS TEACHERS MEETING**

**महाविद्यालय में अभिभावक व प्राध्यापक के मध्य छात्र - छात्राओ के भविष्य हेतु विचार विमर्श किया गया एवं महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा अभिभावकों को समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया गया |**

# NEWSLETTER

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVT. COLLEGE ARJUNDA, DIST. BALOD

01 FEB, 2025

प्राचार्य डॉ .सोमाली गुप्ता एवं रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अरुणा साव के द्वारा कॉलेज के हॉस्टल में निरीक्षण किया गया एवं सुविधाओं के बारे में छात्रों से चर्चा किया गया |








1 FEB, 2025

महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों के लिए खुला मंच प्रतियोगिता किया गया जिसमें महाविद्यालय से संबंधित प्रश्न पूछे गए विद्यार्थियों ने बड़े उत्सुकता के साथ सवालों के जवाब दिए एवं प्रत्येक शनिवार को आयोजित किया जायेगा |







2 FEB, 2025

बसंत पंचमी के अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य एवं समस्त प्राध्यापको व समस्त छात्र , छात्रों द्वारा माता सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया |

3 FEB, 2025

MOU के तहत ग्राफिक डिजाईन का 30 दिवसीय कार्यशाला का प्रारंभ हुआ |



# NEWSLETTER

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVT. COLLEGE ARJUNDA, DIST. BALOD



### 03 FEB, 2025

समाजशास्त्र परिषद् का गठन किया गया एवं परिषद् द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजन किया गया |

### 04 FEB, 2025

रसायन विज्ञान विभाग द्वारा "Non-Degradable Substances: Reuse & Recycling" विषय पर Science Model Exhibition आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने नवाचारी मॉडल प्रस्तुत किए और अतिथियों ने उनकी सराहना की।







### 07 FEB, 2025

महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा गोविन्द पटेल के साथ “व्यावसायिक खेती ” के लिए MOU हस्ताक्षर किया गया |

अर्जुन्दा महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा मशरूम कल्टीवेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को मशरूम की खेती करने की विधियाँ और तकनीकें सिखाई गईं।



# NEWSLETTER

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVT. COLLEGE ARJUNDA, DIST. BALOD

## ANNUAL FUNCTION 08 FEB 2025



## महाविद्यालय अर्जुन्दा में न्यूजलेटर का भव्य विमोचन

8 फरवरी 2025 को शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का खास आकर्षण न्यूजलेटर का विमोचन रहा। इस गौरवपूर्ण अवसर पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलसचिव डॉ. भूपेंद्र कुलदीप मुख्य अतिथि रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. चंदना बोस उपस्थित रहीं। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता ने की।




## वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 8 FEB, 2025

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलसचिव डॉ. भूपेंद्र कुलदीप उपस्थित थे, और विशिष्ट अतिथि के रूप में शहीद कौशल यादव महाविद्यालय, गुण्डरदेही की प्राचार्य डॉ. चंदना बोस शामिल हुईं। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता ने की। समारोह के दौरान, विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई और महाविद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

# NEWSLETTER

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVT. COLLEGE ARJUNDA, DIST. BALOD

## EXCELLENT AWARDS 08 FEB 2025

पायल निषाद को बेंगलुरू ( साऊथ ईस्ट जोन फेस्टिवल 2024 रंगोली प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग और महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने पर पुरस्कृत किया गया |





हेमा मंडावी को All India Interuniversity Weight Lifting tournament के लिए चयन होने पर स्व. श्री सतीश नारायण राव दशपुत्रे स्मृति पुरस्कार पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

यशवंत टंडन को छ. ग . की सबसे लम्बी चोटी गोरलाटा (1225 मीटर ) 15 अगस्त 2024 को 77 फीट राष्ट्रीय ध्वज फहराया महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने पर उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया |





युवा उत्सव क्विज प्रतियोगिता में intercollege competition me 3rd rank प्राप्त करने पर खुमान विश्वकर्मा , दिनेश बंजारे , करण कुमार साहू को उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया

# NEWSLETTER

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVT. COLLEGE ARJUNDA, DIST. BALOD

## SPECIAL AWARDS 08 FEB 2025

तृप्ति निर्मलकर को सभी संकायों में स्नातक में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर शहीद दुर्वासा निषाद स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया





राजेश कुमार को स्नातकोत्तर गणित में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर स्व. सौ. शालिनी दशपुत्रे स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया l

भुमिका यादव को स्नातक रसायन में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर स्व. श्री लेखराम साहू स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया l





करण कुमार को State Level Intercollege Kabaddi Tournament के लिए चयन होने पर स्व. श्री सतीश नारायण राव दशपुत्रे स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया l गया।

# NEWSLETTER

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVT. COLLEGE ARJUNDA, DIST. BALOD

समाजशास्त्र की छात्रा किरण निषाद को सभी संकायों में स्नातकोत्तर में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर प्राचार्य द्वारा विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया l






गृह विज्ञान विभाग द्वारा कढ़ाई बुनाई प्रशिक्षण कार्यशाला में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर गीतांजलि साहू को विभाग द्वारा पुरुस्कृत किया गया l

08 FEB, 2025

**श्री शिवकुमार कोसरे प्रयोगशाला तकनीशियन द्वारा माँ सरस्वती की शिल्पकाष्ठ की प्रतिमा महाविद्यालय परिवार को भेंट की गई l**





**Best out of waste workshop by Chemistry Department**



# NEWSLETTER

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVT. COLLEGE ARJUNDA, DIST. BALOD


शहीद दुर्वासा निषाद कॉलेज

भाषण में यशवंत टंडन और निबंध में कविता साहू प्रथम

अर्जुंदा @ पत्रिका. शहीद दुर्वासा निषाद महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब अन्तर्गत भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता हुई। विषय

कविता साहू, द्वितीय भूपेश्वरी साहू एवं पूनम साहू रहीं। संचालन प्रतियोगिता प्रभारी मनोज साहू एवं लकेश चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम

**12 FEB, 2025**

रेड रिबन क्लब द्वारा "HIV संक्रमण की रोकथाम के लिए प्राप्त सुविधाएं" विषय पर भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता व नुक्कड़ नाटक आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जागरूकता फैलाने वाले विचार प्रस्तुत किए।

अर्जुन्दा महाविद्यालय की वेटलिफ्टर हेमा मंडावी 14 से 17 फरवरी तक हिमाचल प्रदेश में आयोजित All India University Games में दुर्ग यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करेंगी।


अर्जुंदा की वेटलिफ्टर हेमा मांडवी ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में होंगी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुन्दा

वेटलिफ्टिंग एंड स्पोर्ट एकेडमी अर्जुंदा की वेटलिफ्टर हेमा मांडवी

- हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में 14 से 17 फरवरी तक होगी प्रतियोगिता

ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में दुर्ग यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह आयोजन हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में 14 से 17 फरवरी तक होगा। इससे पहले हेमा जोनल गेम्स जो जालंधर में 20 से 23 जनवरी हुआ था, जिसमें भाग लेकर उन्होंने आल इंडिया गेम्स के लिए अपना

हेमा वर्तमान में शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा हैं। हेमा ने वेटलिफ्टिंग की शुरुआत कक्षा आठवीं से की थी। हेमा मांडवी 68वें स्कूल नेशनल में सिल्वर मेडल एवं खेलो इंडिया वुमेंस रैंकिंग टूर्नामेंट में ब्रोंज

समकक्ष बच्चों के साथ अर्जुंदा में कोच प्रकाश देशमुख के मार्गदर्शन में अभ्यास करती हैं।

इस उपलब्धि के लिए हेमा के माता–पिता एवं अकादमी के सभी बच्चों द्वारा वर्तमान में होने जा रहे प्रतियोगिता के लिए हर्ष व्यक्त


प्रावीण्य सूची में तीन छात्राओं ने बनाई जगह

अर्जुंदा @ पत्रिका. हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की प्रावीण्य सूची (2023-24) में शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा की तीन छात्राओं ने जगह बनाई है। इसमें समाजशास्त्र विभाग की छात्रा किरण निषाद ने तृतीय

की छात्रा यामिनी भारती ने प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान प्राप्त किया था। सभी छात्राओं की उपलब्धियों पर समाजशास्त्र की विभागाध्यक्ष दीपिका कंवर

अर्जुन्दा महाविद्यालय की, समाजशास्त्र की छात्रा किरण निषाद(3rd), मोनिका पटेल (6th), और शालिनी साहू (8th) स्थान प्राप्त कर दुर्ग यूनिवर्सिटी 2023-24 की प्राविण्य सूची में बनाई जगह।

**17 FEB, 2025**

वनस्पति विभाग द्वारा "DNA Packaging" विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि साइंस कॉलेज, दुर्ग की डॉ. विजयलक्ष्मी नायडू ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।


डीएनए पैकेजिंग पर अतिथि व्याख्यान में कॉलेज के विद्यार्थियों ने पूछे सवाल

भास्कर न्यूज | बालोद

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में वनस्पति शास्त्र विभाग ने विशेष अतिथि व्याख्यान आयोजित किया। विषय था डीएनए पैकेजिंग। साइंस कॉलेज, दुर्ग की डॉ. विजयलक्ष्मी नायडू ने व्याख्यान दिया। उन्होंने डीएनए पैकेजिंग की प्रक्रिया बताई। क्रोमेटिन संरचना, हिस्टोन प्रोटीन की भूमिका, न्यूक्लियोसोम संगठन और जीन अभिव्यक्ति पर प्रभाव की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया डीएनए अनुक्रमण, गुणसूत्र संरचना और आनुवंशिक सूचना के संरक्षण में अहम भूमिका निभाती है।


बालोद. डीएनए पैकेजिंग पर अतिथि व्याख्यान हुआ, छात्रों ने सवाल पूछे।

डॉ. नायडू ने सरल और वैज्ञानिक तरीके से जवाब दिया। यह व्याख्यान छात्रों के अकादमिक ज्ञानवर्धन और शोध कार्यों में रुचि बढ़ाने में सहायक रहा। डॉ. अरुण साव ने विषय की उपयोगिता पर

व्याख्यान छात्रों के लिए लाभकारी रहा और भविष्य में ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम के आयोजन की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में आई क्यू ए सी प्रभारी डॉ. अरुण साव, वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष किशोर कुमार

# NEWSLETTER

## SHAHID DURWASA NISHAD GOVT. COLLEGE ARJUNDA, DIST. BALOD




25 FEB, 2025

राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत स्वयं सेवको ने दी वार्षिक “बी सर्टिफिकेट” परीक्षा |

27 FEB, 2025

NSS के द्वारा राष्ट्रीय फाइलेरिया मुक्ति दिवस के अवसर पर दवा वितरण किया गया |







27 FEB, 2025

NSS के स्वयं सेवको को प्राचार्य द्वारा डायरी , पेन ,कैप का वितरण किया गया |




28 FEB, 2025

NATIONAL SCIENCE DAY

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में QUIZ एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | इन प्रतियोगिताओ में कॉलेज के 50 से अधिक छात्र - छात्रों ने बढ़- चढ़ कर हिस्सा लिया

